# बिहार विधान परिषद्

**207वां सत्र**

**अल्पसूचित प्रश्न**

## 24 जुलाई 2024

----

: **[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी** ].

**अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या**- 15

----

### सड़क एवं नाला का निर्माण

20. **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला मुख्यालय अंतर्गत तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के मारवाड़ी महाविद्यालय भागलपुर के दक्षिणी भाग में अवस्थित चौबीस परगना प्रोफेसर कॉलोनी तक की सड़क अत्यन्त ही जर्जर है और जल-जमाव के कारण आवागमन बाधित है ;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्षों से उपेक्षित इस पथांश में सड़क- सह-नाला का निर्माण कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

### सेवा समाधान पोर्टल

21. **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि कर्मचारियों की सेवा संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु ‘‘सेवा

समाधान पोर्टल" की ऑनलाइन व्यवस्था की गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि सेवा से संबंधित प्राप्त शिकायतों में सबसे ज्यादा सेवांत लाभ एवं ए०सी०पी० व एम०ए०सी०पी० के मामले दर्ज किये जाते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अब तक प्राप्त हुए आवेदन और समाधान हुए ब्यौरों से सदन को अवगत कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नल-जल योजना उपलब्ध कबतक

22. **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कुल 44 वार्ड है जिसमें मात्र 17 वार्ड में नल-जल योजना का पानी पहुँच पाया है;

(ख) क्या यह सही है कि छूटे हुए वार्ड में नल-जल का पानी नहीं जाने से वार्ड में पानी की काफी किल्लत है, जिससे नगरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार नवादा नगर परिषद में छूटे हुए वार्डों में नल-जल योजना उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## तालाब का उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण

23. **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अंतर्गत टिकारी नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 में तालाब की उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद टिकारी द्वारा दो बार नापी कराकर प्राक्कलन विभाग को भेजा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि लगभग दो साल बाद भी विभाग की स्वीकृति नहीं प्राप्त होने के कारण अभी तक उक्त तालाब की उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त योजना के प्राक्कलन को शीघ्र स्वीकृत कर तालाब का उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## नाला की सफाई

24. **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
(क) क्या यह सही है कि दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नं.-27 में गाभतल चौराहा से तकियापर तक पक्का नाला का निर्माण ढ़क्कन के साथ किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि नाले की उड़ाही/सफाई कराये बिना ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र में पड़ने वाले सम्पूर्ण नाले की उड़ाही/सफाई अविलंब कराना चाहती है?

----

## भू-संरक्षण कानून द्वारा समतलीकरण

25. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत कौआकोल प्रखण्ड के नावाडीह ग्राम में भू-हदबंदी कानून के अन्तर्गत महादलित परिवार को लगभग 200 एकड़ जमीन आवंटित हुआ है;
(ख) क्या यह सही है कि उक्त भूमि जंगल किनारे रहने के कारण असामान्य एवं ऊँच-नीच है जिससे भूमि पर कोई फसल नहीं हो पाता है;
(ग) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के भू-संरक्षण कानून के द्वारा मेढ़ बंदी, समतलीकरण एवं जल वितरणी क्षेत्र बनाया जाता है जिससे कृषि कार्य हो सकें;
(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त आवंटित जमीन पर फसल उत्पादन हेतु भू-संरक्षण कानून द्वारा मेढ़ बंदी एवं समतलीकरण एवं जल वितरणी करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## सड़क अतिक्रमण मुक्त कबतक

26. **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनीसाबाद के मित्रमंडल कॉलोनी स्थित बंगाल स्वीट्स चौक से लेकर मंगल पाण्डेय चौक तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर सब्जी, फल एवं ठेला की स्थायी दुकानें लगा दी गई हैं;

(ख) क्या यह सही है कि स्थायी दुकान लग जाने से सड़क संकीर्ण हो गयी है, जिसके

कारण आमजन को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अतिक्रमण स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत एवं सहयोग से किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त फल, सब्जी एवं ठेला की दुकानों को स्थायी रूप से हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए स्थानीय दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करना चाहती है. यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क एवं नाला का निर्माण

**27. श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम के वार्ड सं०-11 हसनपुर रोड महावीर मंदिर से आगे मुहल्ला-न्यू पटना कॉलोनी, बेऊर, प्रखंड-फुलवारीशरीफ में विजय सिंह के मकान से प्रभात सिंह के मकान तक सड़क अतिक्रमित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मुहल्ला की आबादी घनी है इसके बावजूद अबतक नाला का निर्माण नहीं कराया गया है एवं सड़क की स्थिति भी जर्जर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## उत्कृष्ट खिलाडि़यों की नियुक्ति

**28. श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में उत्कृष्ट खिलाडि़यों की नियुक्ति हेतु अधिसूचित नियमावली 2023 में विश्वविद्यालय खेल-कूद के अन्तर्गत ओलंपिक गेम्स ,एशियन गेम्स ,कॉमनवेल्थ गेम्स में खेले जाने वाले खेल विधाओं को शामिल नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि भारतीय विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2023 में पटना विश्वविद्यालय ने कराटे खेल विधा में 75 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था;

(ग) क्या यह सही है कि भारतीय विश्वविद्यालय खेल विधा को नियमावली में शामिल नहीं करने से बिहार के कई प्रतिभावान खिलाडि़यों का उज्जवल भविष्य अंधकारमय हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बिहार में उत्कृष्ट खिलाडि़यों की नियुक्ति हेतु अधिसूचित नियमावली 2023 में भारतीय विश्वविद्यालय खेल-कूद विधा में ओलंपिक गेम्स, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स के विधाओं को सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सेवा नियमित कब तक

29. **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या **सूचना प्रौद्योगिकी** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सरकार के विभिन्न विभागों में बेल्ट्रॉन द्वारा चयनित लगभग 20हजार से अधिक डेटा इंट्री ऑपरेटर/ आशुलिपिक/ प्रोग्रामर/ आई०टी ब्यॉज/गर्ल आउटसोर्सिंग कार्यक्रम के तहत पिछले 25वर्षो से सेवारत है;

(ख) क्या यह सही है कि इन सेवारत कर्मियों की सेवा नियमित एवं संपुष्ट करने की दिशा में सरकार द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी है जिसके कारण इन कर्मियों में क्षोभ एवं आक्रोश व्याप्त है;

(ग) क्या यह सही है कि सेवा दे रहे वर्णित कर्मियों में से कई की आयु सरकारी सेवा के लिए निर्धारित आयु से अधिक हो जाने के कारण उनका भविष्य अंधकारामय हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकरात्मक हैं तो क्या सरकार इन कर्मियों की सेवा नियमित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यो ?

----

## पर्यटकीय सुविधा का विकास

30. **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत प्राचीन काली मंदिर है जो बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड से सम्बद्ध है, जहां देश के हर कोने से प्रति वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास हेतु सरकार द्वारा लगभग दो करोड़ साठ लाख रुपये की राशि की योजना प्रस्तावित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त मंदिर में पर्यटकीय सुविधा का विकास कार्य शीघ्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## जल निकासी की व्यवस्था

31. **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत जेल अधीक्षक, छपरा जिला कारा के आवास के पीछे एक बड़े भूखण्ड पर कई वर्षों से पानी जमा हुआ है एवं जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्षों से जमे पानी के सड़ जाने से कई प्रकार की महामारी के पनपने का खतरा भी बना रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त भूमि से जल निकासी की व्यवस्था करने एवं भूमि का उचित उपयोग करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानातरण के लिए कार्रवाई कब तक

32. **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **सहकारिता** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क) क्या यह सही है कि विभाग में स्थानान्तरण का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में बांका जिले में राज्य खाद्य निगम के वर्तमान जिला प्रबंधक विगत 11 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न पदों पर रहते हुए 18 महीने के लिए किसी अन्य जिले में जबकि शेष काल के लिए बांका में ही पदस्थापित रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि इस तरह का पदस्थापन नियम संगत है एवं विभागीय नियमावली द्वारा संपोषित है;

(घ) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार ऐसे अधिकारी जो अपने पद पर विगत वर्षों की लम्बी अवधि के लिए किसी खास पदस्थापना स्थल पर पदस्थापित रह रहे हैं उनके स्थानातरण के लिए कोई कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित

33. **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत सेखोदेवरा आश्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि माना जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि देश एवं विदेशों से सैंकड़ो लोग इनके कर्मस्थली को देखने प्रत्येक वर्ष आते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कौआकोल प्रखंड के सेखोदेवरा आश्रम का पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## योजना पर खर्च हुई राशि की जांच

34. **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि दिनांक- 23.06.2024 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "5 करोड़ खर्च कर लगे ई-टॉयलेट, 2 साल बाद ही अधिकतर बंद, उपकरण भी गायब" खबर छपी है , (प्रेस कतरन की छायाप्रति संलग्न)

(ख) क्या यह सही है कि पटना को सुंदर बनानेके लिए पटना स्मार्ट सिटी के नाम पर वर्ष 2022 में पटना नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में 42 ई-टॉयलेट स्थापित करने की योजना बनाई गई थी जिसमें पांच करोड. की लागत से 21 टॉयलेट ही बनाए जा सके ;

(ग) क्या यह सही है कि इन 21 ई-टॉयलेट में से अधिकांश बंद पड़े हैंऔर शेष पर दबंग लोगों का अवैध कब्जा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त योजना पर खर्च हुई राशि की जांच एवं ई-टॉयलेट के समुचित रख-रखाव कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----